# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**
Website- vyapam.cgstate.gov.in, https://vyapamaar.cgstate.gov.in/


## छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर के अंतर्गत सहायक ग्रेड–3 पद हेतु लिखित भर्ती परीक्षा (HAG23)

### ऑनलाइन आवेदन करने की विधि

1. सहायक ग्रेड–3 के पद हेतु छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा किये गये हैं व सभी आवेदित अभ्यर्थियों को प्रथम स्तर की लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिए छ.ग. व्यापम वेबसाइट के लिंक में जाकर पंजीयन करवाना होगा तथा परीक्षा जिला का चयन करना अनिवार्य होगा । व्यापम पंजीयन नंबर व परीक्षा जिला के चयन के आधार पर ही व्यापम द्वारा लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा ।
2. जिस आवेदनकर्ता का व्यापम में प्रोफाइल पूर्व में निर्मित नहीं है उन्हें प्रोफाइल निर्मित करना आवश्यक होगा तदुपरांत ही सहायक ग्रेड–3 के रिक्त पद हेतु जिला चयन करने की सुविधा प्राप्त होगी ।
3. जिस आवेदनकर्ता द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबसाइट में पंजीयन नहीं किया जायेगा उन्हें लिखित परीक्षा से वंचित माना जायेगा व इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी के स्वयं की होगी तथा इस सम्बंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे ।
4. अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट पर पूर्व में जमा किये गये ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी भी तरह का सुधार या संशोधन किये जाने की अनुमति नहीं होगी ।
5. आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें ।

Basic Information –

**मूलभूत जानकारी स्वयं से आपके द्वारा दी गई छ.ग. उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट पर जमा किये गये ऑनलाइन आवेदन पत्र से दर्शित होगी ।**

Exam city का चयन करें ।

For Physically Handicapped Candidate : Do you need to scribe (Writer) ?-
(क्या आपको सहलेखक की आवश्यकता है ?)
Yes या No में से सेलेक्ट करें।

Scribe Type : सेलेक्ट करें।
scribe (Writer) to be provided by Vyapam (व्यापम द्वारा सहलेखक)

Declaration- (घोषणा) – इसमें यह दिया गया है कि –

''मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाकपता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।''

I Agree–/(मैं सहमत हूँ) –इसमें उपरोक्त Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए सहमत हूँ पर क्लिक करें ।

Captcha/कृपया कैप्चा को दर्ज करें ।

**इसके पश्चात Submit में क्लिक करें ।**

..............................................